Reg.22887 / 30.08.1989 Mobile: 9885986275

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा प्रसार एवं समाज सेवा समिति

सिद्धार्थ नगर, ग्वालियर (म.प्र.) 474011

Email ID : drbhimraoambedkarspasss@gmail.com

क्रमांक : 8/2025-26 दिनांक : 11/6/25

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2024–25

आज दिनाक 11.04.2025 को वार्षिक सभा का आयोजन समिति कार्यालय पर हुआ। सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय का माल्यार्पण कर समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। तदोपरान्त संस्था सचिव श्री लाखन सिंह चौधरी ने वर्ष 2024–25 का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पढा जो निम्न है –

1. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय जनकपुरा, लहार, भिण्ड :–** यह संस्था अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास हेतु वर्ष 1990 से कार्य कर रही है। इस विद्यालय मे कुल दर्ज संख्या 248 थी जिसमें 75 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राऐ लाभान्वित हुई। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 21 है जिसमें अनुसूचित जाति के 16, पिछडा वर्ग के 04 तथा सामान्य के 01 हैं। शाला के कर्मचारियों को जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग भिण्ड से नियमित रूप से ऑनलाइन वेतन भत्तों का भुगतान होता है।
2. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर माध्यमिक विद्यालय, जगदीशपुरा, भिण्ड :–** यह संस्था अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास हेतु वर्ष 1990 से कार्य कर रही है। इस विद्यालय में कुल दर्ज सख्या 48 थी। जिसमें अनुसूचित जाति के 90 प्रतिशत से अधिक छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हुई। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 6 है जिसमें अनुसूचित जाति के 4, सामान्य के 2 हैं। शाला के कर्मचारियों को जिला संयोजक अनुसूचित जाति एव जनजाति कार्य विभाग भिण्ड से नियमित रूप से ऑनलाइन वेतन भत्तो का भुगतान होता है।
3. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर हाईस्कूल जगदीशपुरा, भिण्ड :–** इस विद्यालय में कुल दर्ज संख्या 69 थी। जिसमे अनुसूचित जाति के 50 प्रतिशत से अधिक छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हुई। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 15 है जिसमें अनुसूचित जाति के 09, पिछडा वर्ग के 02 तथा सामान्य के 04 हैं। शाला के कर्मचारियों को जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग भिण्ड से नियमित रूप से ऑनलाइन वेतन भत्तों का भुगतान होता है।
4. **डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्राथमिक/माध्यमिक/हाईस्कूल श्यामपुरा गोहद, जिला भिण्ड –** यह संस्था अनुसूचित जाति के शैक्षणिक विकास हेतु वर्ष 1990 से कार्य कर रही है। इस विद्यालय में कुल दर्ज संख्या 108 थी। जिसमें अनुसूचित जाति के 103 छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हुई। शाला में कुल कार्यरत स्टाफ 14 है जिसमें अनुसूचित जाति के 10 पिछडा वर्ग के 01 एवं सामान्य वर्ग 03 कार्यरत हैं। इस



सचिव
डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षा प्रसार एवं समाज सेवा समिति सिद्धार्थ नगर, छाटीपुर ग्वालियर (म.प्र.)

शाला को भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सहायता प्राप्त होती है। भारत सरकार की श्रेष्ठा स्कीम के तहत प्रथमिक विद्यालय को सेकेन्ड्री स्कूल मे अपग्रेट किया गया है। इस विद्यालय मे कुल दर्ज संख्या 36 थी जिसमे अनुसूचित जाति के 34 छात्र/छात्राये लाभान्वित हुई इस शाला का वर्ष 2024–25 का परीक्षा परीणाम 62 प्रतिशत रहा जिसमे 11 छात्र/छात्राओं ने 62 प्रतिशत से 96.06 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय का नाम रौशन किया है। छात्र/छात्राओं के नाम निम्नानुसार है–

| क. | छात्र/छात्रा का नाम | पिता का नाम | परीक्षा परिणाम का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | कु.निकिता | श्री कैलाश नारायण | 96.6% |
| 2 | निर्मल | श्री रामबीर | 89.4% |
| 3 | हरेन्द्र सिंह | श्री रामशंकर | 82.6% |
| 4 | कु.नेहा | श्री तिलक सिंह | 82.4% |
| 5 | कु.रक्षा | श्री समर सिंह | 71.4% |
| 6 | कालीचरण | श्री राजेश कुमार | 71% |
| 7 | विकाश कुमार | श्री रामहेत सिंह | 68.6% |
| 8 | हरेन्द्र | श्री निरंजन सिंह | 65.6% |
| 9 | कु.फातमा खान | श्री अम्बर खान | 63.6% |
| 10 | उपदेश | श्री महेश सिंह | 62.2% |
| 11 | अरविन्द | श्री औतार सिंह | 62% |

5. **साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम :–** इस कार्यक्रम द्वारा संस्कृति को बरकरार रखने के लिये श्यामपुरा जिला भिण्ड यातायात नगर, ग्वालियर में सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन जैसे ड्रामा, संगीत, नृत्य आदि एवं महान विभूतियों डॉ. अम्बेडकर, गौतम बुद्ध, संत कबीर, संत रविदास, संत नामदेव, गुरू घासीदास, सावित्री बाई फुले, महात्मा ज्योतिराव फुले, छत्रपति साहूजी महाराज, नारायण गुरू, पैरियार रामा स्वामी, महर्षि वाल्मीक, संत गाडगे बाबा, संत चोखामेला, संत अयनकली, संत नंदनार, वीरांगना झलकारी बाई, क्रांतिकारी बिरसा मुण्डा, सम्राट अशोक महान, की जयन्ती एवं पुण्य तिथि मनाई जाती है। बौद्ध एवं तिब्बति संस्कृति का प्रचार प्रसार किया गया। इन कार्यकमों मे 400–500 प्रतिभागी लाभान्वित हुये ।

6. **पर्यावरण जागरूकता शिविर :–**संस्था द्वारा विश्व वानिकी दिवस, हरियाली महोत्सव, विश्व पृथ्वी दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व जैव विविधता दिवस, विश्व ओजोन दिवस, राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस, विष्य गौरेया दिवस, पर सुजाता बुद्ध विहार मुरार, डी. डी. नगर व श्यामपुरा भिण्ड में शिविर/कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें 300–400 हितग्राही लाभान्वित हुए।

7. **नशा मुक्ति कार्यक्रम :–** संस्था द्वारा विश्व तम्बाकू दिवस व मादक पदार्थो के दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर श्यामपुरा भिण्ड व डी. डी. नगर ग्वालियर में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें साथ ही संकल्प पत्र भी लिये गये। संस्था द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र नशा मुक्ति परार्मश केन्द्र व नशा मुक्ति सर्वेक्षण कार्य करना प्रस्तावित है। इस कार्यकम मे 300–400 हितग्राही लाभान्वित हुए।



सचिव
डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा प्रसार एवं समाज सेवा समिति सिद्धार्थ नगर, ठाटीपुर ग्वालियर (म.प्र.)

8. **स्वास्थ्य जागरूकता शिविर** :– संस्था द्वारा बीमारियों की रोकथाम हेतु कार्यशाला शिविर आदि का आयोजन डी.डी. नगर, फूटी कॉलोनी मुरार ग्वालियर, श्यामपुरा भिण्ड में हुआ स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक रहने तथा भयावह बीमारियों जैसे टी.बी. पोलियो, कुष्ठ, मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू, एड्स, डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग मातृत्व एवं शिशु आदि बीमारियों व जडी बूटियों के महत्व , योगा नेचुरोपैथी के बारे मे शिविर एवं कार्यशाला संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जिसमें 600–700 व्यक्ति प्रतिभागी लाभान्वित हुये संस्था द्वारा योगा नैचुरोपैथी एवं आयुवेद युनानी होम्योपैथी ,सिद्धा आदि के प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला संगोठी आदि का संचालन किया गया।

9. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण कार्यक्रम** :– संस्था द्वारा संविधान दिवस व विश्व मानव अधिकार दिवस पर बुद्ध विहार सुरेंश नगर व डी.डी. नगर ग्वालियर व कृपालपुर जिला कानपुर देहात मे कार्यशाला सेमीनार शिविर के द्वारा 200 से 300 अनुसूचित जाति के लोगों में शासन की योजनाओं तथा अन्य कार्यो जैसे अशपृश्यता दूर करने के लिये सद्‌भावना शिविर एवं मानव को अपने सवैधानिक अधिकारो की प्रति जागरूकता किया गया।

10. **सडक सुरक्षा कार्यकम** – संस्था द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र, श्यामपुरा भिण्ड तथा ग्वालियर व औरईया, बकेवर जिला इटावा में लोगों को सडक दुर्घटानाओं से बचने के लिये सेमिनार कार्यशाला , नुक्कड नाटक , स्लोगन , निबंध प्रतियोगितायें आयोजित कर लोगों को जागरुक किया गया। जिसमें 400 से 500 छात्र/छात्रायें एव युवा लाभावित हुये।

सचिव
डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा प्रसार
एवं समाज सेवा समिति, सिद्धार्थ नगर,
ठाटीपुर,ग्वालियर (म.प्र.)

सचिव
डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा प्रसार एवं
समाज सेवा समिति सिद्धार्थ नगर, ठाटीपुर
ग्वालियर (म.प्र.)